पत्नी से विवाद के बाद ट्रांसपोर्टर ने खुद को गोली मारी

- बच्चों से मिलने की जिद ने उजाड़ा घर
- अमेरिका जाने की बात पर हुआ विवाद, आज थी फ्लाइट
- अपनी लाइसेंसी पिस्टल से कर ली आत्महत्या

इंदौर. लसूड़िया क्षेत्र की पॉश कॉलोनी शांति निकेतन में एक ट्रांसपोर्टर ने पत्नी से विवाद के बाद खुद को गोली मारकर जान दे दी. घटना रविवार देर रात की है, जबकि परिवार को आज सोमवार को अमेरिका के लिए रवाना होना था.

पुलिस के मुताबिक 62 वर्षीय सुधीर पाटिल निवासी शांति निकेतन (बॉम्बे अस्पताल के पीछे) ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े थे. उनकी बेटी अमेरिका में रहती है, जहां हाल ही में उसने पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया था. इसी के सेलिब्रेशन में शामिल होने के लिए परिवार सोमवार को अमेरिका के लिए रवाना होने वाला था. उनकी फ्लाइट बुक थी. बताया जा रहा है कि रात में अमेरिका जाने को लेकर सुधीर और उनकी पत्नी के बीच कहासुनी हो गई. सुधीर जाने के लिए तैयार नहीं थे, जबकि पत्नी यात्रा की तैयारी कर रही थी, इसी बात पर विवाद बढ़ गया. विवाद के दौरान आवेश में आकर सुधीर ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल उठाई और कनपटी पर रखकर गोली चला दी. गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही लसूड़िया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है.

ऑनलाइन आईपीएल सट्टा मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- मुख्य सटोरिए के साथी को क्राइम ब्रांच ने दबोचा
- दो मोबाइल और एक एलईडी जब्त

नव भारत न्यूज

इंदौर. ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है. यह आरोपी पहले पकड़े गए सटोरिए का साथी बताया जा रहा है.

पुलिस के मुताबिक, दो दिन पहले एरोड्रम थाना क्षेत्र की धर्मराज कॉलोनी में छापा मारकर शुभम यादव को गिरफ्तार किया था, जो ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालित कर रहा था. उसके पास से टीवी, लैपटॉप और दो मोबाइल जब्त किए गए थे. पूछताछ में उसने अपने साथी धर्मेंद्र सोनी निवासी एरोड्रम का नाम बताया था, जो फरार चल रहा था. डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र सोनी को भी पकड़ लिया है. उसके कब्जे से दो मोबाइल और एक एलईडी टीवी जब्त किया है. आरोपी दसवीं तक पढ़ा है और रिपेयरिंग का काम करता है. गौरतलब है कि आईपीएल शुरू होने के बाद से पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और अब तक शहर में ऑनलाइन सट्टे के चार अड्डों पर छापेमारी कर चुकी है. इससे पहले भोपाल और रतलाम के कुछ युवक कार में सट्टा संचालित करते हुए भी पकड़े जा चुके हैं.

महू के जंगल में तेन्दुओं का आतंक 24 घंटे में दो गायों का किया शिकार

- इस साल अब तक 15 मवेशी बन चुके हैं शिकार

नव भारत न्यूज

इंदौर. महू फॉरेस्ट रेंज में तेन्दुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है. बीते 24 घंटे में अलग-अलग दो स्थानों पर दो तेन्दुओं ने दो किसानों की गायों को शिकार बना लिया. इस साल अब तक क्षेत्र में 15 मवेशी तेन्दुओं का शिकार बन चुके हैं.

वन विभाग सूत्रों के अनुसार, एक घटना मलेंडी गांव के पास जंगल में हुई, जहां तेन्दुए ने किसान मनोज पिता सीताराम की करीब 5 साल की गाय को मार डाला. वहीं, दूसरी घटना बड़ीजाम क्षेत्र के जंगल में सामने आई, जहां किसान प्रकाश पिता गोविंद ओसारे की 6 वर्षीय गाय का शिकार किया. दोनों मामलों में वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की.

इसके बाद पीड़ित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. अधिकारियों का कहना है कि मई की शुरुआत ही दो शिकार की घटनाओं से हुई है. इससे पहले अप्रैल में भी तेन्दुए गोशाला की 5 गायों को मार चुके हैं. जनवरी 2026 से अब तक महू फॉरेस्ट रेंज में 15 मवेशी तेन्दुओं का शिकार बन चुके हैं, जिनके मालिकों को नियमानुसार मुआवजा दिया जा रहा है.

जैन मंदिर में लाखों की चोरी, चांदी-अष्टधातु की प्रतिमाएं ले उड़े चोर

- सुपर कॉरिडोर स्थित ग्रेटर बाबा जैन मंदिर का मामला
- सीसीटीवी में कैद हुई वारदात
- 40 मिनट तक मंदिर में रहे आरोपी

नव भारत न्यूज

इंदौर. सुपर कॉरिडोर स्थित ग्रेटर बाबा जैन मंदिर में तड़के बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है. बदमाश मंदिर में घुसकर चांदी और अष्टधातु की प्रतिमाएं समेत लाखों का सामान चोरी कर ले गए. घटना सुबह मंदिर खुलने पर सामने आई.

जानकारी के मुताबिक, बदमाश रात करीब 2.18 बजे मंदिर में दाखिल हुए और करीब 40 मिनट तक अंदर रहकर आराम से चोरी को अंजाम दिया. इस दौरान चोरों ने 5 चांदी की मूर्तियां, एक मिश्र धातु की प्रतिमा, शिला, 2 शांति धारा और 28 कलश चोरी कर लिए. चोरी गए सामान की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है. सुबह करीब 5 बजे मंदिर के पट खुलने पर गर्भगृह से मूर्तियां गायब मिलीं, जिसके बाद हड़कंप मच गया.

सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और जैन समाज के सदस्य मौके पर पहुंचे और विरोध जताया. मंदिर में काम करने वाले कर्मचारियों को रात में वारदात की भनक तक नहीं लगी. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी वारदात से पहले रेकी कर चुके थे. घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें बदमाशों की गतिविधियां साफ नजर आ रही हैं. बताया जा रहा है कि एक आरोपी दीवार फांदकर अंदर घुसा और बाकी ने बाहर से सहयोग किया. थाना प्रभारी वेदेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि सूचना मिलते ही एरोड्रम पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची. टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है. जल्द ही आरोपियों को क्ररफ्तार किया जाएगा.

दर्शन कर लौट रही युवती की सड़क हादसे में मौत

इंदौर. बिचौली हप्सी क्षेत्र की 20 वर्षीय युवती की सड़क हादसे में मौत हो गई. वह सहेली के साथ दर्शन कर लौट रही थी, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी.

पुलिस के मुताबिक, प्रियांशी पिता सुभाष निवासी बिचौली हप्सी अपनी सहेली के साथ एक्टिवा से पितृ पर्वत दर्शन के लिए गई थी. लौटते समय लापरवाही से चल रही एक बाइक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर दूर जा गिरीं. राहगीरों की मदद से दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रियांशी को मृत घोषित कर दिया. हादसे में उसकी सहेली गंभीर रूप से घायल हुई है, जिसका इलाज जारी है. पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है.

एमडी ड्रग्स के साथ सप्लायर समेत दो गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में हीरानगर पुलिस को अहम सफलता मिली है. पुलिस ने एक नशेड़ी और उसके मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर उनके पास से 7.5 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है.

दरअसल, कुछ दिन पहले हुई मोहल्ला बैठक में रहवासियों ने इलाके में सक्रिय संदिग्धों की जानकारी पुलिस को दी थी. इसी इनपुट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लोकेश बाथम को नशा करते हुए पकड़ लिया. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है. पूछताछ में उसने ड्रग्स सप्लायर का नाम पवन ठाकुर बताया. लोकेश से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छोटी भमोरी इलाके में दबिश देकर पवन ठाकुर को हिरासत में लिया. तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 7.5 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई. पूछताछ में पवन ने स्वीकार किया कि वह इलाके में नशा करने वालों को छोटी-छोटी मात्रा में ड्रग्स सप्लाई करता था. पुलिस अब नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है.